प्रेस विज्ञप्ति

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी

(मार्क्सवादी)

तमाड (रांची), 12 अक्टूबर, 2022

माकपा जनसमस्याओं के हल के लिए आंदोलन और तेज करेगी

महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी - *बृंदा कारात*

जल - जंगल - जमीन और खनिज हड़पना चाहती है सरकार - लक्षमण मुंडा

तमाड की धरती 18 वीं शताब्दी की शुरुआत में ही मुंडा विद्रोह का केन्द्र रही है इस विद्रोह में सैकड़ों आदिवासियों और अन्य गरीबों ने अपने प्राणों की आहुति दे कर ब्रिटिश शासकों के खिलाफ एतिहासिक युद्ध लडा था यह बात आज तमाड मे आयोजित माकपा की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी की पालिट ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात ने कही. उन्होंने बताया कि आज हमारा देश चौतरफा संकटों का सामना कर रहा है. बढती महंगाई और बेरोजगारी ने आम लोगों की परेशानियों को काफी बढा दिया है. आज अधिकांश गरीबों के घर मे दाल नहीं बन रही है. एक ओर लोगों ने बढती महंगाई के चलते मजबूरी मे अपनी खूराक कम कर दी है. दुसरी ओर देश की वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण महंगाई कम होने का दावा करते हुए सब्जी बाजार में फोटो खिंचवा कर हुए जले पर नमक छिड़कने का काम कर रही है.

आज हम अपनी स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं लेकिन सत्ता मे बैठे लोग इस बात से परेशान हैं कि उनके पास उनके पूर्वजों मे से एक भी नाम यैसा नहीं है कि जिन्हें वे स्वतंत्रता आन्दोलन के योद्धा के रूप मे याद कर सकें.

सभा को संबोधित करते हुए उडीसा के विधायक और माकपा की उडीसा राज्य कमिटी के सदस्य लक्षमण मुंडा ने कहा कि आज मोदी सरकार के संरक्षण मे देश के बड़े कार्पोरेट घराने देश मे जल, जंगल, जमीन और खनिज की लूट के लिए आदिवासियों और अन्य गरीबों की जमीन को लूट रही जिसके खिलाफ उडीसा से लेकर छत्तीसगढ़ और झारखंड मे विशाल प्रतिरोध आंदोलन खड़ा किया जा रहा है. सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि हेमंत सरकार की महत्वकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम की जो घोषणा की गई है उसमें बड़े पैमाने पर आवेदन जमा कराए जाएंगे.

सभा को राज्य कमिटी सदस्य सुरेश मुंडा, सुभाष मुंडा, बुंडू, तमाड और अडकी लोकल कमिटियों के सचिव क्रमशः दिवाकर मुंडा, जहरु मुंडा और गणेश मुंडा ने भी संबोधित किया. सभा की अध्यक्षता घाषी राम सिंह मुंडा ने की और संचालन रंजीत मोदक ने किया.

प्रकाश विप्लव

राज्य सचिव